(19)

# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR

**राजभाषा प्रकोष्ठ ( Hindi Cell )**

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 16/04/2025, सायं 5.15 बजे स्थान- समिति कक्ष, निदेशक कार्यालय

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक समिति कक्ष, प्रथम तल, प्रभा भवन में दिनांक 16/04/2025 को सायं 5.15 बजे आहूत हुई । बैठक की अध्यक्षता मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के माननीय निदेशक प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी द्वारा की गयी । बैठक में माननीय अध्यक्ष के साथ समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी, निदेशक | अध्यक्ष |
| 2 | प्रो. रोहित भाकर, कुलसचिव | सदस्य सचिव |
| 3 | प्रो. राज कुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा | सदस्य |
| 4 | डॉ. ऋषि तिवारी, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं हिन्दी अधिकारी(प्रभारी) | सदस्य |
| 5 | प्रो. कैलाश सिंह, अधिष्ठाता, संकाय कल्याण | सदस्य |
| 6 | प्रो. डी. बूलचंदानी, अधिष्ठाता, अकादमिक | सदस्य |
| 7 | प्रो. लव भार्गव, अधिष्ठाता, शोध एवं परामर्श | सदस्य |
| 8 | प्रो. कैलाश सिंह(विभागाध्यक्ष द्वारा नामित)रासायनिक अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 9 | प्रो. एम. एम. शर्मा, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स एवं संचार विभाग | सदस्य |
| 10 | डॉ. नमिता मित्तल, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 11 | प्रो. राजेन्द्र कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष, धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 12 | डॉ. दीपक वर्मा, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 13 | डॉ. प्रीति भट्ट, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | सदस्य |
| 14 | डॉ. सुमंत कुमार मेहर, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग | सदस्य |

राज कुमार व्यास

Scanned with OKEN Scanner

(20)

| | | |
|---|---|---|
| 15 | डॉ. कमलेन्द्र अवस्थी, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 16 | डॉ. दिनेश गोपलानी, विभागाध्यक्ष, कृत्रिम बुद्धिमता विभाग | सदस्य |
| 17 | श्री राजकुमार दुबे, सहायक कुलसचिव, अंकेक्षण | सदस्य |
| 18 | सुश्री किरण राठौर, अधीक्षक एसजी प्रथम, सदस्य, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 19 | श्री पवन कुमार शर्मा, अधीक्षक, सदस्य, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 20 | श्री बिरेन्द्र कुमार पांडे, वरिष्ठ कार्य सहायक, सदस्य, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |

अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत करते हुए राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की । माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति सदस्य एवं समन्वयक, राजभाषा प्रो. राज कुमार व्यास ने बैठक को आगे बढ़ाते हुए कार्यसूची के विभिन्न बिन्दुओं को चर्चा के लिए पटल पर रखा जिन पर समिति सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई । बैठक की कार्यवाही एवं विस्तृत चर्चा के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समिति सदस्यों द्वारा दी गई अनुशंसाओं का विवरण निम्नलिखित है-

**बिन्दु संख्या 1. पिछली बैठक (27/01/2025) के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी ।**

प्रो. राजकुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा द्वारा पिछली बैठक (27/01/2025) के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। मुख्यतः हाल ही में सम्पन्न संसदीय राजभाषा समिति की पहली उपसमिति द्वारा संस्थान का राजभाषा निरीक्षण, हिन्दी कार्यशाला एवं एकल संपर्क बिंदुओं की बैठक की जानकारी प्रदान की गयी ।

अनुवर्ती कार्रवाई- कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं ।

**बिन्दु संख्या 2. संसदीय राजभाषा समिति की पहली उपसमिति द्वारा संस्थान के राजभाषा निरीक्षण के दौरान प्रदत्त ध्यान देने योग्य बातों पर अनुवर्ती कार्रवाई ।**

प्रो. राजकुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा ने संसदीय समिति द्वारा प्रदत्त ध्यान देने योग्य बातों की सूची में से विभागों/अनुभागों/केंद्रों एवं कार्यालयों को उनसे संबंधित कार्यों से अवगत कराया। अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी विभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों/केंद्राध्यक्षों एवं

राज कुमार व्यास [signature]

[signature]

Scanned with OKEN Scanner

(21)

कार्यालयाध्यक्षकों को अपने विभाग/अनुभाग/केंद्र अथवा कार्यालय से संबंधित सभी कार्यों को अविलंब कर अनुवर्ती कार्रवाई में सहयोग देने के निर्देश दिए ।

**अनुवर्ती कार्रवाई- संबंधित विभाग, अनुभाग, केंद्र अथवा कार्यालय द्वारा ।**

**बिन्दु संख्या 3. वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राजभाषा प्रकोष्ठ के लिए बजट का आवंटन ।**

बैठक में राजभाषा प्रकोष्ठ हेतु प्रस्तावित बजट प्रस्तुत किया गया, जिसको अध्यक्ष महोदय के कुछ सुझावों के पश्चात सभी सदस्यों द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया । संशोधन पश्चात समिति द्वारा स्वीकृत बजट इस प्रकार है-

| क्रम संख्या | विवरण | संभावित व्यय |
|---|---|---|
| 1. | कार्यशालाएं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम | 3,50,000.00/- |
| 2. | बैठकें(राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नराकास आदि) | 1,00,000.00/- |
| 3. | हिन्दी के प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रम (हिन्दी पखवाड़ा, हिन्दी सम्मेलन, हिन्दी प्रतियोगिताएं आदि) | 4,00,000.00/- |
| 4. | हिन्दी जर्नल का प्रकाशन | 2,00,000.00/- |
| 5. | अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, आकस्मिक एवं अन्य/विविध व्यय | 4,50,000.00/- |
| | योग | 15,00,000.00/- |

* आवश्यकता होने पर मदों को परस्पर उपयोग लिया जा सकेगा ।

बैठक के दौरान माननीय निदेशक महोदय द्वारा कुछ सुझाव/निर्देश भी दिए गए-

1. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा प्रकोष्ठ हेतु स्थाई कार्यालय की स्थापना VLTC में किए जाने का सुझाव दिया एवं इस संबंध में कुलसचिव को आवश्यक निर्देश भी दिये ।
2. हिन्दी के प्रचार प्रसार हेतु संस्थान की ओर से एक मानक जर्नल प्रकाशित करवाया जाए और इसकी जिम्मेदारी डॉ. कमलेन्द्र अवस्थी, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग को प्रदान की ।
3. राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा मिले इस उद्देश्य के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन हेतु सुझाव दिया तथा इस कार्य हेतु डॉ. ऋषि कुमार तिवारी, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं हिन्दी अधिकारी को आयोजन सचिव की जिम्मेदारी दी ।
4. अध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा प्रकोष्ठ को संस्थान के कार्मिकों को हिन्दी में कार्य करने का प्रशिक्षण प्रदान करने का सुझाव दिया गया ।

राजकुमार व्यास

Scanned with OKEN Scanner

(22)

5. अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि जिन विभागों/अनुभागों/केंद्रों एवं कार्यालयों से एकल संपर्क बिन्दु प्राप्त नहीं हुए है, उन्हे अनुस्मारक भेजकर एकल संपर्क बिन्दु प्राप्त किए जाए ।

तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समन्वयक, राजभाषा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

राज कुमार व्यास
23/4/2025

**प्रो. राज कुमार व्यास**

**समन्वयक, राजभाषा**

23/04/2025

**डॉ. ऋषि तिवारी**

**पुस्तकालयाध्यक्ष एवं हिन्दी अधिकारी**

Scanned with OKEN Scanner